**Series : SKS/1**

कोड नं.
**Code No. 59/1/1**

रोल नं.
**Roll No.** | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **35** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **8** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **35** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# राजनीति विज्ञान
# POLITICAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*
*Time allowed : 3 hours ]* *[ Maximum Marks : 100*

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* ***सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न संख्या **1 – 10** तक **एक** अंक के हैं । इन प्रश्नों के उत्तर **20** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए ।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या **11** से **20** तक **दो** अंकों के हैं । इन प्रश्नों के उत्तर **40** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या **21 – 30** तक **चार** अंकों के हैं । इन प्रश्नों के उत्तर **100** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या **31** से **35** तक **छः** अंकों के हैं । इन प्रश्नों के उत्तर **150** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए ।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या **30** मानचित्र पर आधारित है । इसका उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखें ।*

**General Instructions :**

(i) ***All questions are compulsory.***

(ii) *Question numbers **1 – 10** are of **1** mark each. The answers to these questions should not exceed **20** words each.*

(iii) *Question numbers **11 – 20** are of **2** marks each. The answers to these questions should not exceed **40** words each.*

(iv) *Question numbers **21 – 30** are of **4** marks each. The answers to these questions should not exceed **100** words each.*

(v) *Question numbers **31** to **35** are of **6** marks each. The answers to these questions should not exceed **150** words.*

(vi) *Question number **30** is based on Map. Write the answer in your answer book.*

1. संयुक्त राज्य अमरीका के संदर्भ में '9/11' से क्या अभिप्राय है ? **1**

   What is meant by '9/11' in the context of U.S.A. ?

2. निम्नलिखित कथन को सही करके पुन: लिखिए :

   आसियान (ASEAN) से अभिप्राय है 'दक्षिण पूर्व अफ्रीका राष्ट्रों का संगठन' । **1**

   Correct the following statement and rewrite :

   ASEAN stands for 'Association of South East African Nations'.

3. संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद् के कितने स्थाई तथा कितने अस्थाई सदस्य होते हैं ? $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

   How many Permanent Members and how many Non-permanent Members does the U.N. Security Council have ?

4. 'सुरक्षा' से क्या अभिप्राय है ? **1**

   What is meant by 'Security' ?

5. मुस्लिम लीग द्वारा दिया गया 'द्वि-राष्ट्र सिद्धांत' क्या है ? **1**

   What is the 'Two Nation Theory' advanced by the Muslim League ?

6. कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष का नाम लिखिए । 1948 के पश्चात इस पार्टी को क्या नाम दिया गया ? $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

   Name the founder President of the Congress Socialist Party. What name was given to this Party after 1948 ?

7. भारत में कौन से आम चुनाव के बाद, केंद्र में पहली बार कांग्रेस का प्रभुत्व समाप्त हुआ ? **1**

**After which General Election in India did Congress Party lose its dominance for the first time at the Centre ?**

8. लाल बहादुर शास्त्री के निधन के पश्चात, कांग्रेस पार्टी के किन दो नेताओं के बीच, कांग्रेस संसदीय दल का नेता बनने के लिए चुनाव हुआ था ? $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

**After the death of Lal Bahadur Shastri, which two leaders of the Congress Party contested against one another to become leader of the Congress Parliamentary Party ?**

9. उस जन आंदोलन का नाम लिखिए जिसमें माँग की गई थी कि वनों की कटाई का कोई भी ठेका किसी बाहरी व्यक्ति को नहीं दिया जाना चाहिए । **1**

**Name the popular movement which demanded that no forest exploiting contract should be given to any outsider.**

10. भारत में किस वर्ष से, केंद्र में गठबंधन की सरकारों का युग प्रारम्भ हुआ ? **1**

**From which year did the era of Coalition Governments at the Centre begin in India ?**

11. शीत युद्ध के लिए उत्तरदायी दो महाशक्तियों के नाम लिखिए । विश्व एकल ध्रुवीय कब बना ? $1+1=2$

**Name the two superpowers responsible for Cold War. When did the world become unipolar ?**

12. 'शॉक थेरेपी' से क्या अभिप्राय है ? **2**

**What is meant by 'Shock Therapy' ?**

13. आसियान (ASEAN) क्षेत्रीय मंच की स्थापना कब की गई ? इसका मुख्य उद्देश्य क्या था ? $1+1=2$

**When was the ASEAN Regional Forum established ? What was its main objective ?**

14. 'सुरक्षा' की परंपरागत अवधारणा को स्पष्ट कीजिए । **2**

**Explain the traditional concept of 'Security'.**

15. संयुक्त राष्ट्र जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों की आवश्यकता क्यों होती है ? **2**

**Why are International Organizations like the U.N. required ?**

16. किन चार देसी रियासतों ने शुरू-शुरू में भारतीय संघ में शामिल होने का विरोध किया था ? $4\times\frac{1}{2}=2$

**Which four Princely States of India initially resisted to join the Indian Union ?**

17. विकास के दो मॉडल कौन से हैं ? भारत ने कौन से मॉडल को अपनाया ? **1 + 1 = 2**

**Which are the two models of development ? Which model of development was adopted by India ?**

18. भारत की गुट निरपेक्षता की नीति क्या है ? **2**

**What is India's Policy of Non-alignment ?**

19. सरदार सरोवर परियोजना जैसी विकास परियोजनाओं से सम्बद्ध चिंता के किन्हीं दो मुद्दों का उल्लेख कीजिए । **2 × 1 = 2**

**Mention any two issues of concern related to development projects such as Sardar Sarovar Project.**

20. मंडल कमीशन की किन्हीं दो सिफ़ारिशों को उजागर कीजिए । **2 × 1 = 2**

**Highlight any two recommendations of the Mandal Commission.**

21. सोवियत संघ के विघटन के कोई दो कारण स्पष्ट कीजिए । **2 × 2 = 4**

**Explain any two reasons for the disintegration of the U.S.S.R.**

22. अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के प्रोत्साहन हेतु, भारत के संविधान में दिए गए, किन्हीं चार राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों को सूचीबद्ध कीजिए । **4 × 1 = 4**

**List any four 'Directive Principles of State Policy' given in the Constitution of India for the promotion of international peace and security.**

23. अमरीकी वर्चस्व के रास्ते में आने वाले किन्हीं दो अवरोधों का वर्णन कीजिए । **2 × 2 = 4**

**Describe any two constraints on American Hegemony.**

24. भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद के किन्हीं दो प्रमुख मुद्दों का वर्णन कीजिए जिनके कारण 1971 का युद्ध हुआ । **2 × 2 = 4**

**Describe any two major issues of conflict between India and Pakistan leading to the War of 1971.**

25. सुरक्षा को खतरे के किन्हीं चार नये स्रोतों की पहचान तथा व्याख्या कीजिए । **4 × 1 = 4**

**Identify and explain any four new sources of threat to security.**

26. वैश्वीकरण के किन्हीं चार परिणामों की व्याख्या कीजिए । **4 × 1 = 4**

**Explain any four consequences of globalization.**

27. पहले तीन आम चुनावों में, कांग्रेस के प्रभुत्व के किन्हीं चार कारणों को स्पष्ट कीजिए । $4 \times 1 = 4$

Explain any four reasons for the dominance of the Congress Party in the first three General Elections.

28. 'दलित पेंथर्स' नामक संगठन का गठन कहाँ और कब हुआ ? इसकी किन्हीं तीन गतिविधियों का वर्णन कीजिए । $1 + 3 = 4$

Where and when was the organization 'Dalit Panthers' formed ? Describe any three of its activities.

29. 'आपातकाल' और इसके इर्द-गिर्द के समय को संवैधानिक संकट का काल क्यों कहा जाता है ? व्याख्या कीजिए । 4

Why is the 'Emergency' and the period around it known as the period of Constitutional crisis ? Explain.


30. दिए गए यूरोप के राजनीतिक रेखा मानचित्र में यूरोपीय संघ के चार सदस्य देशों को A, B, C तथा D द्वारा चिह्नित किया गया है । नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इनकी पहचान कीजिए और अपनी उत्तर पुस्तिका में इनके सही नाम, संबंधित क्रम संख्या एवं अक्षर सहित लिखिए :

(i) पुर्तगाल और फ्रांस के बीच स्थित यूरोपीय संघ का एक पुराना सदस्य देश ।

(ii) बेल्जियम और नीदरलैंड के निकट स्थित यूरोपीय संघ का एक पुराना सदस्य देश ।

(iii) यूरोपीय संघ के दो नये सदस्य देश । $1 + 1 + 2 = 4$

**EUROPEAN UNION MAP**




In the given Political Outline Map of Europe, four member countries of the European Union have been marked A, B, C and D. Identify them with the help of information given below and write their correct names in your answer-book along with their respective serial number and the alphabet concerned :

(i) An older member of the European Union located between Portugal and France.

(ii) An older member of the European Union located near Belgium and Netherlands.

(iii) Two new members of the European Union.

**EUROPEAN UNION MAP**




**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न क्रमांक 30 के स्थान पर है :**

30.1 यूरोपीय संघ की स्थापना किस वर्ष में हुई थी ?

30.2 यूरोपीय संघ की साझी मुद्रा का नाम लिखिए ।

30.3 यूरोपीय संघ के किन्हीं दो पुराने सदस्य देशों के नाम लिखिए ।

30.4 यूरोपीय संघ के किन्हीं दो नये सदस्य देशों के नाम लिखिए । **4 × 1 = 4**

**Note : The following questions are for Blind Candidates only, in lieu of Question Number 30.**

30.1 In which year was the European Union established ?

30.2 Name the common currency of the European Union.

30.3 Write the names of any two older member countries of the European Union.

30.4 Name any two new member countries of the European Union.

31. निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

क्षेत्रीय आकांक्षाओं को दबाने की जगह, उनके साथ लोकतांत्रिक बातचीत का तरीका अपनाना सबसे अच्छा होता है । ज़रा अस्सी के दशक की ओर नज़र दौड़ाएँ – पंजाब में उग्रवाद का ज़ोर था; पूर्वोत्तर में समस्याएँ बनी हुई थीं; असम के छात्र आंदोलन कर रहे थे और कश्मीर घाटी में माहौल अशांत था । इन मसलों को सरकार ने कानून व्यवस्था की गड़बड़ी का साधारण मामला न मानकर पूरी गंभीरता दिखाई । बातचीत के ज़रिये सरकार ने क्षेत्रीय आंदोलनों के साथ समझौता किया ।

**प्रश्न :**

(i) क्षेत्रीय आकांक्षाएँ देश की एकता के लिए किस प्रकार खतरा हैं ?

(ii) लोकतांत्रिक बातचीत से क्या अभिप्राय है ?

(iii) असम में चल रहे आंदोलन का नेतृत्व कौन कर रहे थे ?

(iv) क्षेत्रीय आकांक्षाओं को संतुष्ट करने के लिए भारत सरकार ने क्या कदम उठाए ? **2 + 2 + 1 + 1 = 6**

**अथवा**

निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

वास्तव में, कांशीराम के नेतृत्व में व्यावहारिक राजनीति पर आधारित एक संगठन बसपा (BSP) का गठन किया गया । इस संगठन का विश्वास था कि बहुजन (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और धार्मिक अल्पसंख्यक) देश की आबादी में सबसे अधिक थे और संख्या के आधार पर एक मज़बूत राजनीतिक ताकत थे ।

**प्रश्न :**

(i) कांशीराम ने कौन सा संगठन बनाया ?

(ii) बसपा (BSP) का विस्तृत रूप क्या है ?

(iii) किन्हीं दो अल्पसंख्यक समूहों के नाम लिखिए ।

(iv) बहुजनों को एक मज़बूत राजनीतिक शक्ति क्यों समझा जाता है ? **2 + 1 + 2 + 1 = 6**

**Study the passage given below carefully and answer the questions that follow :**

**The best way to respond to regional aspirations is through democratic negotiations rather than through suppression. Look at the situation in the eighties – militancy had erupted in Punjab; problems were persisting in the North-East; students in Assam were agitating; Kashmir Valley was on the boil. Instead of treating these as simple law and order problems, the Government of India reached negotiated settlement with regional movements.**

**Questions :**

(i) **How are regional aspirations dangerous for the unity of the country ?**

(ii) **What is meant by democratic negotiations ?**

(iii) **Who was leading the agitation in Assam ?**

(iv) **What steps were taken by the Government of India to respond to the regional aspirations ?**

**OR**

Study the passage given below and answer the questions that follow :

In fact, the BSP under Kanshi Ram's leadership was envisaged as an organization based on pragmatic politics It derived confidence from the fact that the Bahujans (SCs, STs, OBCs and religious minorities) constituted the majority of the population and were a formidable political force on the strength of their numbers.

**Questions :**

(i) Which organization was formed by Kanshi Ram ?

(ii) Give the full form of BSP.

(iii) Name any two religious minorities.

(iv) Why are the Bahujans considered a formidable political force ?

32. 'पर्यावरण के प्रति राज्यों की साझी परंतु अलग-अलग ज़िम्मेवारियाँ हैं ।' उपयुक्त उदाहरण देते हुए, इस कथन का विश्लेषण कीजिए । 6

**अथवा**

पर्यावरण सम्बंधी मुद्दों पर भारत के पक्ष का विश्लेषण कीजिए । 6

'States have common but differentiated responsibilities towards environment.' Analyse the statement giving suitable examples.

**OR**

Analyse India's stand on environmental issues.

33. 1947 में, ब्रिटिश इंडिया के विभाजन के किन्हीं तीन परिणामों की व्याख्या कीजिए । $3 \times 2 = 6$

**अथवा**

भारतीय संघ के राज्यों के पुनर्गठन की प्रक्रिया और उसके आधार की व्याख्या कीजिए । 6

Explain any three consequences of partition of British India in 1947.

**OR**

Explain the process and basis of the reorganisation of States of Indian Union.

34. क्या 1975 में आपातकाल की घोषणा करना अनिवार्य था ? किन्हीं तीन उपयुक्त तर्कों द्वारा अपने उत्तर का समर्थन कीजिए । $3 \times 2 = 6$

**अथवा**

1975 में लगाए गए आपातकाल से सीखे किन्हीं तीन पाठों की व्याख्या कीजिए । $3 \times 2 = 6$

'Was the declaration of emergency in 1975 necessary ?' Support your answer with any three suitable arguments.

**OR**

Explain any three lessons learnt from the emergency imposed in 1975.

35. सोवियत प्रणाली क्या थी ? सोवियत प्रणाली की किन्हीं चार विशेषताओं का आकलन कीजिए । $2 + 4 = 6$

**अथवा**

शीत युद्ध के पश्चात, गुट निरपेक्ष आंदोलन की प्रासंगिकता का परीक्षण कीजिए । 6

What was the Soviet System ? Assess any four features of the Soviet System.

**OR**

Examine the relevance of the Non-aligned Movement after the Cold War era.

---